आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय, लाडनूं
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं (राजस्थान)

संचालित क्लब कार्यक्रम

जैन विश्वभारती संस्थान के आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा कुछ क्लब संचालित किये जाते हैं, जिन क्लबों का प्रमुख उद्देश्यों विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। इन क्लबों के तहत विद्यार्थियों को शिक्षण के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का विकास करने अवसर प्रदान किया जाता है। इन क्लबों के नाम विवेकानन्द क्लब, सोनल मानसिंह क्लब, महाश्रमण क्लब, अपर्णा सेन क्लब, पी.वी. सिन्धु क्लब और महाप्रज्ञ है। इन क्लबों में सभी गतिविधियों का संचालन विद्यार्थियों द्वारा ही किया जाता है।

1. विवेकानन्द क्लब : इस क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वाक् कला को विकसित करना है। यह क्लब पूरे वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। जिसमें विभिन्न जयंतियों का संचालन तथा प्रार्थना सभा का संचालन किया जाता है।
2. सोनल मानसिंह क्लब : इस क्लब में छात्राओं में नृत्य क्षमता का विकास करने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्हें प्रत्येक शनिवार को नृत्य प्रशिक्षण किसी प्रशिक्षिक के द्वारा दिया जाता है। यह क्लब प्रत्यक वर्ष डांडिया कार्यक्रम तथा स्कूली छात्राओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करता है। छात्राएं ही इन कायक्रमों का संचालन करती है।
3. महाश्रमण क्लब : यह क्लब छात्राओं को लेखन कला में निपुण करने का कार्य करता है। इस क्लब में कहानी, निबन्ध, कविता आदि लेखन कार्य का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह क्लब महाविद्यालय तथा स्कूलों में विभिन्न लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन वर्षभर करता है।

4. अपर्णा सेन क्लब : इस क्लब में छात्राओं को चित्रकला से सम्बन्धित गुर सिखाये जाते हैं। छात्राओं को प्रत्येक शनिवार किसी चित्रकार द्वारा चित्रकारी का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह क्लब महाविद्यालय तथा स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकारी एवं पोस्टर पेंटिंग का आयोजन करता है।

5. पी.वी. सिन्धु क्लब : यह क्लब छात्राओं में खेल–कूद में निपुण करता है। प्रत्येक शनिवार को उन्हें Indoor and Outdoor खेल का प्रशिक्षण। दिया जाता है तथा इस क्लब के प्रभारी छात्र विभिन्न स्कूलों तथा महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं।

6. महाप्रज्ञ क्लब : आज के आपाधापी युग में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रायः सभी तनाव में देखे जाते हैं। अतः तनाव विसर्जन के लिए महाप्रज्ञ क्लब के माध्यम से ध्यान एवं योग की प्रक्रिया करवाई जाती है। जिससे छात्राओं में एकाग्रता, शांति एवं सोहार्द का भाव विकसित होता है। यह प्रयोग नियमित रूप से प्रार्थना सभा में क्लब की छात्राओं द्वारा करवाया जाता है।

प्रो. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी
(प्राचार्य)